प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00 बजे

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब से कुछ देर बाद 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल नई दिल्ली में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट कर प्रदेश के लिए उदार वित्तीय सहायता प्रदान करने तथा लम्बित धनराशि शीघ्र जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने प्रधानमंत्री को अवगत करवाया कि प्रदेश सरकार ने हिमाचल को वर्ष–2032 तक आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने प्रधानमंत्री को प्रदेश सरकार की पर्यटन, हरित ऊर्जा, विद्युत और अन्य क्षेत्रों में की गई पहल के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने जल विद्युत परियोजनाओं में राज्य के हितों की रक्षा की पैरवी की। उन्होंने इन परियोजनाओं को राज्य को लौटाने के लिए समय सीमा तय करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने 40 वर्ष पूरा कर चुकीं परियोजनाओं से अधिशेष भूमि वापिस करने और योजना लागत पूरी करने के उपरान्त रॉयल्टी में बढ़ोतरी से संबंधित मामला भी प्रधानमंत्री के समक्ष उठाया। प्रधानमंत्री ने सभी मामलों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

वस्त्र मंत्रालय

केंद्र सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा रिज मैदान स्थित पदम देव कॉम्प्लेक्स 'एकता' प्रदर्शनी और ज्ञान सत्र चल रहा है। इस प्रदर्शनी में देशभर के स्वयं सहायता समूहों और शिल्प उद्यमियों द्वारा निर्मित वस्त्र और हस्तशिल्प उत्पादों के 70 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। प्रदर्शनी में देश के विभिन्न हिस्सों की सांस्कृतिक विविधता और हस्तशिल्प का सुंदर संगम देखने को मिल रहा है।एकता' प्रदर्शनी में हस्तनिर्मित वस्त्र, पारंपरिक कढ़ाई, बुनाई, लकड़ी व धातु शिल्प, पर्यावरण–अनुकूल उत्पाद जैसे कई विविध उत्पादों की भरमार है। यह आयोजन देश की विविध शिल्प परंपराओं को समझने और सराहने का भी सुनहरा मौका है। प्रदर्शनी के हिस्सा ले रहे शिल्पकारों और कारीगरों का कहना है कि वे यह अवसर प्रदान करने के लिए वस्त्र मंत्रालय के आभारी हैं।

*हमारे जो प्रोडक्ट की बात हैं इसमें शॉल हैं, स्टॉल हैं, मफ्लर कैपस और जैकेट और साथ में हमारा नया प्रोडक्ट कुर्ता भी है इस टाइम लेकिन खरीददार कम हैं। ये तो बहुत अच्छा मंच दिया है मिनिस्ट्रि ऑफ टैक्सटाईल की तरफ से है एकता नाम दिया गया है और एक प्लेटफॉर्म मिला हुआ है अपने प्रोडक्ट को एक्सपोलर करने में, अपनी प्रतिभा को एक्सपलोर करने में। अब यहां पर हर तरह के मतलब जो भी हैंडीक्राफ्ट है लगभग 70 स्टॉल यहां पर लगे हुए हैं।*

*मेरा नाम मनीष मित्रा है और मेरा जो घर है वो कोलकाता में है। यहां पर जो हम लोग बनाते हैं अपना फैक्टरी में बैग बगैरा, हैंक्र्स राइटिंग ये बैगस बगैरा ऑल ओवर इंडिया में जो एग्ज़िब्यूशन होता है नेशनल जुग बोर्ड मिनिस्ट्री ऑफ टैक्सटाईल हम लोगों को भेजता है वहीं से सेल होता है वहीं से ऑर्डर लगता है। तो हम लोग हाथ का काम करते हैं। गवर्नमेंट हम लोगों को प्रोवाइड करता है दूसरी जगह सेल आउट करने को तो इससे बड़ा और क्या चीज हो सकती है।*

सिंगल यूज प्लास्टिक

आकांक्षी जिला चम्बा में सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग और बिक्री पर प्रभावी रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन सख्त हो गया है। एक जून से सिंगल यूज़ प्लास्टिक पूरी तरह से प्रतिबंधित हो जाएगा वहीं प्रशासन नियमों का पालन सुनिचित करवाने के लिए लोगों को जागरूक करने के साथ ही उल्लंघन कर्ताओं के चालान भी कर रहा है।

चंबा के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने कि चम्बा जिला के लोगों को हिदायतें जारी की गईं हैं।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज वर्षा हो रही है। प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में शनिवार को भी बारिश व ओलावृष्टि हुई जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार प्रदेश के सात जिलों में आज व कल बारिश के साथ आंधी चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। 27 से 30 मई तक बारिश, तूफान व ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की गई है।

उधर कुल्लू जिला के निरमंड विकास खंड के जगाताखाना में बीती शाम बादल फटने से नाले में बाढ़ आ गई जिसके चलते सड़क किनारे खड़ी कुछ गाड़ियां पानी के बहाव में बह गई। *अधिक ब्यौरा हमारे कुल्लू संवाददाता से...*

*कुल्लू जिला में निरमंड ब्लॉक के जगातखाना में बीती शाम बादल फटने की वजह से नाले में बाढ़ आजा गई तथा पानी व मलबा सड़क पर आ गया। जिसके चलते सड़क पर खड़ी कुछ गाड़ियां पानी के बहाव में बह गई तथा सतलुज नदी के किनारे पहुंच गई। इसके अलावा इलाके में ओलावृष्टि भी हुई जिससे सेब की फसल को भी नुकसान पहुंचा है।*

*एसडीएम निरमंड मनमोहन शर्मा ने बताया कि घटना में किसी भी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ है तथा कुछ गाड़ियों को क्षति पहुंची है। उन्होंने मौसम को ध्यान में रखते हुए पर्यटकों व स्थानीय लोगों से नदी नालों से दूर रहने की अपील की है। आकाशवाणी के लिए कुल्लू से आशीष शर्मा।*